हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

11 सब्जी मंडी में अब रोजाना होगी सफाई, व्यापारियों...



12 सतनाली स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव...



# फिर टला ट्रामा सेंटर भवन का उद्घाटन, आज सीएम सैनी देंगे नारनौल रेस्ट हाउस की सौगात

## एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप बना है भवन

**18.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ है अत्याधुनिक सुविधायुक्त रेस्ट हाउस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ट्रामा सेंटर भवन का उद्घाटन की तारीख एक बार फिर से टल गई है। स्वास्थ्य विभाग को दो दिन पहले आदेश मिले थे कि तीन अक्टूबर को इसका वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के सूत्र बताते है कि इस तैयारी में टैण्ट भी बुक कर दिया था। अचानक बुधवार शाम मैसेज मिला कि उद्घाटन नहीं होगा। फिर टैण्ट संचालक को मना कर दिया गया। वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तीन अक्टूबर को कुरुक्षेत्र से महेंद्रगढ़ जिले के मुख्यालय नारनौल में लोक निर्माण विभाग बीएंडआर की ओर से निर्मित अत्याधुनिक रेस्ट हाउस का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

### तैयारी पूरी

इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि ये ऐसा रेस्ट हाउस है। जिसे एनर्जी कंजर्वेशन बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है। इससे पहले राज्य के कुछ ही जिलों में इस तकनीक से रेस्ट हाउस तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 18.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह रेस्ट हाउस जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। उपायुक्त ने बताया कि ईसीबीसी के तहत निर्मित भवनों का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा की खपत को कम करना और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है। ऐसे भवन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में भी सहायक होते हैं, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।




नारनौल। रेस्ट हाउस। फोटो: हरिभूमि

### ये होंगी सुविधाएं

बीएंडआर विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार व उपमंडल अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि इस रेस्ट हाउस में सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद है। यहां पर 100 लोगों की क्षमता वाला कॉन्फ्रेंस रूम पहली मंजिल पर बनाया गया है, जो बड़ी बैठकों और आयोजनों के लिए उपयुक्त होगा। छोटी मीटिंग के लिए एक कमेटी रूम भी तैयार किया गया है। इसमें एक मुख्यमंत्री सूट व दो वीआईपी रूम शामिल हैं। 20 अधिकारियों के लिए कमरे भी बनाए गए हैं। एक विशाल डाइनिंग हॉल और पैंट्री की व्यवस्था भी की गई है।

### उद्घाटन टलने का यूं चला सिलसिला

ट्रामा सेंटर का शुभारंभ 27 दिसम्बर 2024 को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथों करवाने का प्रशासन ने प्लान बनाया था। ऐन वक्त पर एक दिन पहले 26 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया। इस वजह से आधे अधूरी तैयारियों के बीच ट्रामा सेंटर का शुभारंभ नहीं हो सका। उसके दो माह बाद मार्च माह में इस ट्रामा सेंटर भवन को पीडब्ल्यू एंड बीएंडआर विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर किया। फिर स्टाफ नियुक्ति को लेकर अप्रूवल नहीं मिली है, बावजूद स्वास्थ्य विभाग आचार संहित हटने के बाद इस ट्रामा सेंटर भवन का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करवाने में जुट गया। इसके बाद फिर से ट्रामा सेंटर भवन का उद्घाटन करने की फाइल चली। चर्चा चली कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के हाथों इसका उद्घाटन हो जाए। सीएमओ ऑफिस से मैसेज आया कि मुख्यमंत्री स्वयं इस भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद तारीख पर तारीख मिल रही थी। अभी हाल में मुख्यमंत्री का नारनौल कार्यक्रम बन रहा था। वह भी कैंसिल हो गया। अब पांच दिन पहले 25 सितम्बर की तारीख तय हुई थी।

## खबर संक्षेप

### आज 14 गांवों की बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

**नांगल चौधरी।** भुंगारका पावर हाउस की तीन अक्टूबर को मरम्मत की जाएगी। इसलिए निगम ने अंतर्गत फीडरों की बिजली सप्लाई बंद रखने का शेड्यूल बनाया है। कनिष्ठ अभियंता कंवल सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सात बजे उपकरणों की रिपेयर प्रक्रिया आरंभ की जाएगी तथा 10 बजे तक काम पूरा करने का टारगेट है। इस दौरान सिरोही बहाली, भोजावास, अकबरपुर, आकोली, इकबालपुर नंगली, नेहरूनगर, सिलारपुर, भुंगारका, शिमली समेत करीब 14 गांवों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### गांधी कॉलोनी में व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** गांधी कॉलोनी में करीब 59 वर्षीय हंसराज की मौत हो गई। मृतक शराब का आदी था। पुलिस ने नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम कराने उपरांत उसे परिजनों को सौंप दिया।

### सड़क हादसे में युवक की जान गई

**नारनौल।** नीरपुर के समीप हुए सड़क हादसे में करीब 38 वर्षीय अनिल कुमार वासी मंडलाना की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर घटनास्थल पर पुलिस की डॉयल 112 गाड़ी पहुंची, जिसने एंबुलेंस की मदद से अनिल को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। शव ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करने उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### किसान की सड़क हादसे में मौत

**कनीना।** गांव छितरौली में कार व बाइक की टक्कर में बाइक चालक किसान की मौत हो गई। इस बारे में सतपाल वासी छितरौली ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक अक्टूबर की रात्रि के समय भाई वेदपाल के साथ खेत में पानी लगाकर वापस लौट रहे थे। उसका भाई बाइक पर सवार होकर उससे करीब 200 मीटर आगे चल रहा था। इस दौरान आगे से तेज गति से आई कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में किसान वेदपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने गाड़ी का प्रबंध कर घायल को उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की जान गई

**मंडी अटेली।** नारनौल रेवाड़ी रोड़ पर गोकलपुर रेस्ट एरिया के सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। अटेली गांव के 70 वर्षीय विद्यानंद ने रेवाड़ी में एक दुकान की हुई थी। वह रेवाड़ी ही रहता था। बुधवार को वह उसके गांव अटेली में किसी कार्यक्रम के चलते आया हुआ था। कार्यक्रम खत्म करने के बाद वह वापस अपनी बाइक से सायं लगभग आठ बजे रेवाड़ी जा रहा था। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। वह उपस्थित लोगों ने बुजुर्ग को अटेली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## शहर में तीन स्थानों पर किया रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन

# कुछ सेकेंड में ही धूं धूं जल गया रावण का अहंकार

रामलीला परिषद की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में रावण 51 फुट और मेघनाथ व कुंभकर्ण के 31-31 फुट के तीन विशालकाय पुतलों का दहन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर की प्रमुख रामलीला समितियों द्वारा दशहरे के दिन रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। रावण दहन के देखने के लिए लोगों भारी भीड़ रही। शहर में तीन स्थानों पर मुख्य रूप से रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया। श्री आदर्श रामलीला की ओर से इस बार करीब 50 हजार रुपये की लागत से रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले तैयार किए गए हैं। शोभायात्रा मोहल्ला सैनीपुरा से चलकर ऑटो मार्केट के खेल मैदान में समाप्त हुई।

रामलीला परिषद की ओर से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में रावण 51 फुट और मेघनाथ व कुंभकर्ण के 31-31 फुट के तीन विशालकाय पुतलों का दहन किया गया। रामलीला प्रांगण से ऊंट, घोड़े, बग्गी, डीजे, बैंड के साथ शोभा यात्रा निकली गई। इस कार्यक्रम के लिए पंजाब से विशेष रूप से गटका टीम और आर्मी बैंड से यात्रा निकाली गई। इसके अलावा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए रामलीला आयोजक की ओर से कोई आतिशबाजी नहीं की जाएगी। इन तीनों पुतलों की कीमत करीब 50 हजार रुपये थी। वहीं श्री हनुमान रामलीला की ओर से इस बार करीब 25 हजार रुपये की लागत से रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले तैयार किए गए हैं। रामलीला कमेटी प्रधान कमल सैनी ने बताया कि शोभायात्रा अंबेडकर चौक से चलकर ब्रह्मदेव चौक, सब्जी मंडी रोड, मॉडल संस्कृति स्कूल के खेल मैदान में हुई। तीनों पुतले धूं-धूं कर जल उठते हैं, जिन्हें देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी।





नारनौल। दशहरे पर नई अनाज मंडी में धूं धूंकर जलता बुराई के प्रतीक रावण का पुतला व रावण दहन करते श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा के राम फोटो: हरिभूमि

### दशहरा पर्व पर जलाया बुराई का प्रतिक रावण का पुतला

**नारनौल।** जिलेभर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले में पांच जगह रावण के पुतले का दहन किया गया। जिसमें नारनौल में अनाज मंडी व शोभा सागर, महेंद्रगढ़ में ऑटो मार्केट के खेल मैदान व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान तथा अटेली में रावण के पुतले का दहन किया गया। अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, वनवासी राम की प्रकाण्ड विद्वान ब्राह्मण रावण द्वारा पत्नी के अपहरण कर बंदी बनाकर रखने से क्षुब्ध रामसेतु बना लंका पर चढ़ाई व विजय प्राप्त करने रूपी विजयदशमी का पावन पर्व श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामैटिकल क्लब की ओर से धूमधाम से शोभा सागर पर आयोजित हुआ। इससे पूर्व पुल बाजार से चलकर भगवान राम का विजय जुलूस क्लब के बैनर तले निकला। भगवान श्रीराम के इस विजय जुलूस के लिए सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया, पुलिस प्रशासन की व्यवस्था पूर्णतः की गई।

### विजय जुलूस निकाला

*विजय जुलूस में लंकापति रावण अपनी सेना के साथ सबसे आगे, सुग्रीव विभीषण, नल नील, अंगद, जाम्बवन्त आदि अपनें रथो पर बैठ राम रावण युद्ध स्थल की ओर जाते दिखाई दिए। वही युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाते हुए भगवान सूर्यनारायण जी ढोल व नगाड़े के साथ विजय जुलूस की शोभायात्रा में साथ दिखे। इसके बाद राजा राम, लक्ष्मण और हनुमान जी के साथ विजय प्राप्त करने स्थल तक पहुंचे। सभी पात्रों की व्यवस्था श्री नर नारायण सेवा समिति की ओर से की गई। कार्यकारी प्रधान केशव संघी एडवोकेट ने बताया कि विजय जुलूस में अमृतसर का पंजाबी अखाड़ा आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। प्रवीण संघी ने बताया कि 51 फुट के रावण को राजस्थान के कलाकारों की ओर से तैयार किया गया। राम रावण में भीषण युद्ध का मंचन होने के उपरांत 7:15 बजे पुतला दहन किया गया। मंत्री भरत चौधरी ने बताया कि मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव, वरिष्ठ समाजसेवी पवन कुमार यादव थे।*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हिमांशु अग्रवाल, अजय यादव, राजेश चौधरी, अंकुश गोयल, महेश गुप्ता, अंकित बंसल, रामोतार यादव गोद बलाहा, राजकुमार यादव एडवोकेट अतिविशिष्ट अतिथि थे। भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव, राकेश शर्मा, नप अध्यक्षा कमलेश सैनी, राकेश यादव, राजेंद्र सरपंच भुंगारका, राजेश बंटी ठेकेदार, नरेश गोगिया, अनिल प्रेमलता पार्षद, मोहित मित्तल पार्षद, विशाल सैनी पार्षद, टिंकू पार्षद, दीपांकन गुप्ता, हितेश वर्मा, कालू शिमला, बल्लू चौधरी, रामबाबू हलवाई, देवकीनंदन गोयल, सोनू जैन, प्रिंस अरोड़ा, कपिल गुप्ता, संजय सैनी, डॉ. दिनेश जोशी विशिष्ट अतिथि थे।



### अटेली में धूं-धूं कर जला रावण अधर्म पर हुई धर्म की विजय

**मंडी अटेली।** अटेली के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला का रावण दहन हुआ। मुख्य अतिथि दिनेश जेलदार एवं अरुण राजपुरा रहे। सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजय दशमी का पर्व वीरवार को बड़ी धूमधाम से बनाया गया। अटेली में चल रही रामलीला में मंचन में एक ओर अस्त्र-शस्त्रों से सुसज्जित रावण की असुर सेना व दूसरी ओर वृक्ष चट्टान आदि उठाए भगवान राम की वानर और रीछों की सेना थी। एक और रावण अस्त्र-शस्त्रों से लदे अपने विशाल रथ पर सवार चला आ रहा था तथा दूसरी ओर भगवान राम धरती पर नंगे पांव खड़े थे। यह देखकर भगवान राम के प्रति अपने प्रेम से अधीर होकर विभीषण कहते है प्रभु न आपके पास रथ है, न ही आपके पैरों में खड़ाऊ तक हैं। रावण जैसे बलवान वीर से आप किस प्रकार जीत सकेंगे। भगवान राम मुस्कराते हुए कहते है सुनो मित्र जिस रथ से विजय होती है वह रथ ऐसा होता है।

### कनीना में किया रावण का पुतला दहन

**कनीना।** विजयादशमी के अवसर पर क्षेत्र में चल रही रामलीलाओं के कलाकारों ने झांकी के साथ रावण के पुतले का दहन किया। अनाज मंडी में रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके अलावा भोजावास सहित कनीना खंड के गांवों में भी रावण के पुतले के दहन किए गए।

## चेक बाउंस होने पर कोर्ट ने सुनाई एक साल के कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

चेक बाउंस मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विक्रमजीत सिंह की अदालत ने दोषी को एक साल के कठोर करावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषी को शिकायतकर्ता को डेढ़ लाख रुपये भी अदा करने होंगे।

यह जानकारी देते हुए एडवोकेट प्रमोद यादव ने बताया कि दिल्ली की ढाणी निवासी अजीत सिंह ने गोशाला मार्केट में अजीत स्टील फैब्रीकेशन वर्क्स के नाम से एक दुकान कर रखी है। जहां से बहरोड़ के वार्ड नंबर एक पुराने कोर्ट के पीछे के रहने वाले नीरज कुमार सोनी (राजस्थान) ने अजीत सिंह से लोहे के पाइप खरीदे थे, जिसके बदले नीरज सोनी ने अजीत सिंह को चेक दिया था। जब फर्म प्रोपराइटर ने उक्त चेक अपने बैंक में लगाया तो वह कैश होने की बजाए बाउंस हो गया। इस बाबत अजीत सिंह द्वारा नीरज से संपर्क करके उसको चेक बाउंस बाबत बताया तथा पाइपों के बकाया रुपये



मांगे, लेकिन नीरज आनाकानी करने लगा। तत्पश्चात अजीतसिंह ने एडवोकेट प्रमोद कुमार यादव नलापुर से कानूनी प्रक्रिया के तहत केस दायर करवाया। उसी मुकदमे की साक्ष्यों सहित मजबूती से पैरवी की। अब माननीय सीजेएम नारनौल की अदालत ने उसी केस में फैसला सुनाते हुए दोषी नीरज कुमार सोनी को एक साल की कठोर कारावास की सजा तथा डेढ़ लाख रुपये मुआवजा अदा करने के आदेश पारित किए हैं।

## सीवर व गंदगी से परेशान पार्षदों ने लगाया स्वागत बोर्ड

- प्रशासनिक अधिकारियों को जगाने के उद्देश्य से मोहल्ला पुरानी मंडी के वर्तमान पार्षद व पूर्व पार्षद ने अनोखा रास्ता अपनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रशासनिक अधिकारियों को जगाने के उद्देश्य से मोहल्ला पुरानी मंडी के वर्तमान पार्षद विशाल सैनी व पूर्व पार्षद कंवर सिंह यादव ने अनोखा रास्ता अपनाया है। उन्होंने जहां भी वार्ड में सीवर एवं गंदगी आदि की समस्या बनी है, वहीं स्वागत के फलेक्स बोर्ड लगा दिए हैं, जो संदेश दे हैं कि स्वागत करने की हमारी ऐसी ही व्यवस्था है। आज दशहरा पर्व के मद्देनजर लोगों का काफिला पुरानी मंडी से होकर गुजरना है, जो नई अनाज मंडी तक जाएगा।

उसी रास्ते को ठीक करने के लिए नगर पार्षद विशाल सैनी एवं पूर्व पार्षद कंवर सिंह यादव ने नगर परिषद एवं जनस्वास्थ्य विभाग के




नारनौल। सड़क पर फैली गंदगी के बीच बोर्ड लगाते पार्षदगण। फोटो: हरिभूमि

अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बार-बार गुहार लगाई है तथा वहां की सीवर समस्या को हल करने की मांग की। सीवर की गंदगी सड़क पर भरी हुई है तथा इससे लोगों का वहां से आना-जाना मुश्किल हो रहा है। उक्त दोनों पार्षदों ने बताया कि इस बाबत वह कई दिनों से नगर परिषद एवं जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कह चुके हैं, लेकिन इनके कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। उन्हें यह रास्ता अख्तियार करना पड़ा है।



नारनौल। लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते विधायक ओमप्रकाश यादव।

### विधायक ने वितरित किए स्वीकृति पत्र

**नारनौल।** पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गतिशील नेतृत्व में हरियाणा सरकार अंत्योदय के मूल मंत्र पर काम कर रही है। सरकार हर गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी सहायता पूरी पारदर्शिता के साथ सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचा रही है। यह सरकार निरंतर जन कल्याण को समर्पित है। विधायक वीरवार को सेवा पर्व के तहत पंचायत भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अंत्योदय विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। विधायक ने विवाह शगुन योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। वहीं विभाग की ओर से लाडो लक्ष्मी योजना के रजिस्ट्रेशन एप की जानकारी दी गई। मौके पर जिला कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि व आगंतुकों का स्वागत किया।

## कार्यक्रम में बड़ी तादाद में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे

# आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

विशेष कार्यक्रम में संघ के वयोवृद्ध स्वयंसेवक भी मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य एवं विजयादशमी के अवसर पर आरएसएस द्वारा पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के राव बंसीसिंह पार्क में शिवाजी उपनगर की गणेश शाखा के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में मुख्य



नारनौल। आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी पुरुषोत्तम आर्य थे। मुख्य वक्ता के तौर पर नरेंद्र परमार मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम का संचालन संघ के नगर संघचालक विजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे। संघ के 100 साल पूर्ण होने पर हुए इस विशेष कार्यक्रम में संघ के वयोवृद्ध स्वयंसेवक भी मौजूद रहे, जिनमें सीआरपीएफ के पूर्व कमाडेंट आरके स्वामी, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज तथा तुलसीदास पिपलानी आदि मौजूद रहे।

### ये रहे मौजूद

नगर संचालक विजय शर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, नप के उपप्रधान संजय यादव, संजय सैनी, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान मनीष व शिष्ठ एडवोकेट, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन सुरेश चौधरी, पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी, चाइल्ड प्रोटेक्शन हरियाणा बोर्ड के मैंबर श्याम शुक्ला, कपिल भारद्वाज, गजेंद्र बोहरा, पार्षद सिकंदर सैनी आदि भी मौजूद रहे।

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बड्‌र्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।





जंतु-जगत

रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर




यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटको को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *



## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।

कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1. दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2. गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3. रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.दही, 2.अमरूद, 3.जामुन

## जीके क्विज-173

1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

## लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

कविता

डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खा पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187



बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस ने मनाई गांधी और शास्त्री जयंती

**तोशाम।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भिवानी में कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी के निवास स्थान पर एक अनूठे अंदाज़ में मनाई गई। इस अवसर पर देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने विचार रखते हुए अनिरुद्ध चौधरी ने कहा कि देश को मज़बूत बनाने के लिए उन महापुरुषों की विचारधारा को जीवन में अपनाना बहुत ज़रूरी है, जिनके कारण यह देश बना है।



### डीएवी स्कूल ने मनाया विजयदशमी पर्व

**भिवानी।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने बुराई पर अच्छाई, अन्याय पर न्याय, असत्य पर सत्य और असुरत्व पर देवत्व की जीत के प्रतीक विजयदशमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर नैतिकता से समन्वित अनेक शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं के छात्रों ने द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री एवं गाँधी पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या कुसुम शर्मा ने सभी को विजयदशमी पर्व की बधाई दी।

### रामदेव द्वारा भेंट की जैकेट वितरित की

**भिवानी।** बुराई पर अच्छाई और पाप पर पुण्य के प्रतीक विजयदशमी के उपलक्ष्य पर पतंजलि परिवार द्वारा रोहतक रोड स्थित भारत स्वाभिमान ट्रस्ट कार्यालय में पतंजलि के योग शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हरिद्वार मुख्यालय से विश्व योग गुरु स्वामी रामदेव जी द्वारा भेंट स्वरूप भेजी गई जैकेट वितरित की गई। इससे पहले संगठन कार्यालय के आसपास स्वच्छता पखवाड़े के तहत सभी ने सफाई भी की तथा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की को नमन किया।

---

### सत्य, अहिंसा, सादगी एवं एकता के मूल्यों की याद दिलाता है दो अक्टूबर: जोगी

# कांग्रेस ने राष्ट्रपिता गांधी और शास्त्री को किया नमन

*आरएसएस व भाजपा के इशारे पर देश के महापुरुषोंका अपमान कर रहा सीबीएलयू प्रशासनः जोगी*

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पंडित नेकीराम पुस्तकालय परिसर में कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। इस दौरान उपस्थित सभी ने उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**गांधी जी के दिखाए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प**

कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को महेंद्र यादव, सुरेश किराड़, ओमप्रकाश, जगवीर, रामनिवास, मदन डाबला, अमर सिंह, जसबीर सिंह, बनवारीलाल शर्मा, जयभगवान रंगीला को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष जोगी ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन भारतीय इतिहास में अमिट तिथि है, ये केवल महात्मा गांधी की जयंती नहीं, बल्कि ये हमें सत्य, अहिंसा, सादगी और एकता के मूल्यों की याद दिलाता है, जो हमारे देश की आत्मा हैं।



**भिवानी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। *फोटो: हरिभूमि*

#### गांधी व शास्त्री के दिखाए मार्ग पर चलें

उन्होंने कहा कि इसी दिन हम जय जवान-जय किसान का नारा देने वाले भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री को भी याद कर उन्हें नमन करते है। शास्त्रीजी की सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति उनका समर्पण हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है, हमें संकल्प लेना होगा कि हम इन दोनों महान नेताओं के त्याग और आदर्शों को अपनी भावी पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे। गुलिया ने कहा कि देश को मजबूत और एकजुट बनाए रखने के लिए समय की मांग है कि हम सभी वैचारिक मतभेदों को भुलाकर गांधी व शास्त्री के दिखाए एकता के मार्ग पर चलें। गुलिया ने सीबीएलयू की कुलपति व कुलसचिव के ब्यान की निंदा की, जिसमें उन्होंने देश की आजादी में अपना अहम योगदान निभाने वाले महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के त्याग व बलिदान को भुलाकर आरएसएस के 100वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सीबीएलयू भाजपा व आरएसएस का अड्डा बन चुका है, जहां सिर्फ आरएसएस व भाजपा के इशारे पर ही काम होते है तथा वे ही तय करते है कि सीबीएलयू में कौन से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने भी महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला।



**भिवानी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकारी कल्याण संगठन के सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता

**भिवानी।** महान स्वतंत्रता सेनानी महात्मा गांधी व महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के सदस्यों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने बताया कि हमारे देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने में महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री विशेष भूमिका रही। उन्होंने अंग्रेजों के साथ कड़ा संघर्ष किया। उनके संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर जसबीर फौजी, सुरजभान बामला, सुरेश किराड़, चतर जीताखेड़ी, अमर सिंह यादव, धर्मपाल ग्रेवाल, प्रकाश धनाना, रामपाल यादव, जंगबीर भैणी, रामअवतार गुप्ता व रामनिवास आदि उपस्थित रहे।





**भिवानी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते जनसंघर्ष समिति के सदस्य।

## जनसंघर्ष समिति ने राष्ट्रपिता और शास्त्री को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

- दोनों नेताओं की विरासत की हिफाजत व उसे आगे बढ़ाने का लिया संकल्प: कामरेड ओमप्रकाश
- महात्मा गांधी की 157वीं तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जनसंघर्ष समिति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती दृढ़ संकल्प के साथ मनाई। उन्होंने दोनों नेताओं को नमन किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने उनकी शानदार विरासत को कायम रखते हुए आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रातः काल पंडित नेकीराम शर्मा लाईब्रेरी जाकर गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यकम की अध्यक्षता समिति के जिला सचिव सज्जन कुमार सिंगला व किसान सभा ब्लाक प्रधान सन्तोष देशवाल ने संयुक्त रूप से की।

#### देश के चौतरफा हालात दुर्भाग्यपूर्ण :ओमप्रकाश

जनसंघर्ष समिति के संयोजक व माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान, दलित अधिकार मंच के जिला संयोजक सुखदेव पालुवास व जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान बिमला घनघस ने कहा कि इस समय देश के चौतरफा हालात दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे देश की आजादी आंदोलन के नेताओं व उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने की बजाय हमारे देश की सरकार सबकी सरकार बनने की बजाय केवल आरएसएस की सरकार बनी हुई है जिसने भारतीय संविधान का अपमान कर आरएसएस के नाम डाक टिकट जारी किया है। इसके अलावा सरकार ने आरएसएस की स्थापना की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 100 रुपये का सिक्का जारी करना भारत के उस संविधान, जिसे आरएसएस ने कभी स्वीकार नहीं किया का घोर अपमान और उस पर हमला है, जो बेहद आपत्तिजनक है।

---

## राजस्व विभाग की नई व्यवस्था से होगा लोगों को फायदा: मड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि राजस्व विभाग की नई पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट, राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। लोगों को जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसीलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, इससे उनके समय भी की बचत होगी।

**अब जमीन की रजिस्ट्री के लिए नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर**

उन्होंने कहा कि सबसे पहले पूर्व कृषिमंत्री स्व. सुरेंद्र सिंह की भूमि के रिकार्ड को ऑनलाइन कराने की सोंच थी। उन्होंने भूमि के ऑन लाइन रिकार्ड की योजना तय करवाई थी। आज एक बटन दबाते ही आंखों के सामने जमीन का पूरा रिकार्ड तलब हो जाता है। अब सीएम नायब सिंह सैनी ने राजस्व विभाग की चार नई प्रणाली का शुभारंभ करवा कर जमीन से संबंधित अन्य कार्यो को ऑनलाइन करवाकर इस योजना को पंख लगा दिए है।



परमजीत सिंह मड्डू।

उन्होंने कहा कि नई प्रणाली के तहत लोग ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्री के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## जजपा की कार्यकारिणी में सज्जन कुमार को मिली अहम जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने अपनी संगठन मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए 73 कार्यकर्ताओं की एक नई सूची जारी की है, जिसमें भिवानी जिले के लिए एक अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने सज्जन कुमार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। सज्जन कुमार को युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला का काफी करीबी बताया जा रहा है। सज्जन कुमार को प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी में स्थान मिलना उनकी सक्रियता और पार्टी के प्रति समर्पण को दर्शाता है। अपनी नियुक्ति पर सज्जन कुमार ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा और युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला का विशेष रूप से धन्यवाद किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जिला अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, जिला प्रभारी कृष्ण बजीण, हल्का प्रधान प्रदीप गोयल का आभार जताया।

**सज्जन कुमार ने युवाओं के बीच काम करने का लिया संकल्प**



सज्जन कुमार।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया दशहरा

- निदेशक मुन्ना लाल शर्मा व प्राचार्या निशा शर्मा ने बच्चों के अभिनय की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दशहरा पर्व की पूर्व बेला पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। बच्चों ने कार्यक्रमों से संदेश दिया कि यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। निदेशक मुन्ना लाल शर्मा व प्राचार्या निशा शर्मा ने बच्चों के अभिनय की प्रशंसा की। निदेशक ने अपने संबोधन में बताया कि दशहरा त्योहार को विजयदशमी भी कहा जाता है।



**चरखी दादरी।** संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

#### प्रतिभागियों को किया सम्मानित

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भगवान राम के आदर्शों का पालन करते हुए एक अच्छा पुत्र, एक अच्छा भाई बनकर एक अच्छे चरित्र वाला व्यक्तित्व समाज के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। इस अवसर पर निदेशक मुन्नालाल शर्मा व प्राचार्या निशा शर्मा तथा सचिव महेश शर्मा ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया व उनका हौसला बढ़ाया।

---

## कर्मचारी यूनियन ने 11 के प्रदर्शन की बनाई रूपरेखा



**भिवानी।** मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तय करते हुए। फोटो: हरिभूमि

- विभिन्न मांगों को लेकर मंत्री श्रुति चौधरी के आवास पर प्रदर्शन कर्मचारी बढ़-चढ़कर लेंगे भाग : बागड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन (रजिस्टर नंबर 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी की बैठक वीरवार को स्थानीय बड़ चौक स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य मुख्य रूप से 11 अक्टूबर को होने वाले विरोध प्रदर्शन की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। यूनियन ने घोषणा की है कि यह विरोध प्रदर्शन सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास पर किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन की रणनीति और तैयारियों पर चर्चा के लिए राज्य और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर जिला प्रधान अनिल बागड़ी व जिला सचिव सोमबीर पालवास ने कहा कि कर्मचारी सरकार की रेशनेलाईजेशन पॉलिसी का विरोध व निंदा करते है तथा सरकार से मांग करते है कि जनसंख्या के आधार पर नए पद सृजित किए जाए तथा नई भर्ती सिंचाई विभाग के अंदर की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी कर्मचारी विरोधी नीतियों से लगातार कर्मचारियों को परेशान कर रही है, जिससे अब कर्मचारी तंग आ चुके है। उन्होंने कहा कि उनकी अन्य मांगों में रेशनेलाईन के नाम विभाग को सिकोडन्ना बंद करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, एचकेआरएन के तहत हटाए गए कर्मचारियों को वापिस लिया जाए, वर्ष 2020-23 की बकाया एलटीसी सुविधा का भुगतान किया जाए।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से राज्य कमेटी से राज्य महासचिव जनरल सिंह, उप महासचिव राजेश धनखड़, कोषाध्यक्ष राहुल हुड्डा, वरिष्ठ उपप्रधान अजय हिसार, उप प्रधान सूरजभान जटासरा, संगठन सचिव सुशील आलमपुर, सह सचिव संदीप सौरखी, जिला प्रधान अनिल बगड़ी, जिला सचिव सोमबीर पालवास, जिला उप प्रधान रामशरण खुंडिया, जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर, जिला सह सचिव सुरेंद्र प्रजापति, जिला कमेटी से महेंद्र बीरन, मनोज तोशाम, दीवान तोशाम, इत्यादि कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

### डीएवी के यश ने दस मीटर एयर पिस्टल में जीता द्वितीय स्थान



यश कुमार।

**भिवानी।** डीएवी स्टेट स्पोर्ट्स हरियाणा शूटिंग प्रतियोगिता फरीदाबाद में अंडर-14 में डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के यश कुमार ने दस मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्राचार्या जगदीप कौर व स्पोर्टस टीचर राजेश कुमार ने विजेता को बधाई दी एवं छात्र का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं। विद्यार्थियों को खेलों में भी भाग लेना चाहिए।

## बीएम स्कूल में मनाया दशहरा

- भगवान राम की रावण पर विजय और मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय का उत्सव है दशहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव लोहरवाडा स्थित बीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में धूमधाम से बुराई पर अच्छाई के प्रतीक दशहरा पर्व को मनाया गया। स्कूल में विद्यार्थियों ने स्कूल रावण का पुतला बताकर अपने अंदर की बुराई का अंत करने की संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजन किया, इसके अतिरिक्त रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संचालक मंजीत फौगाट ने बच्चों को बताया किया त्योहार भगवान राम की रावण पर विजय और मां दुर्गा की महिषासुर पर विजय का उत्सव है, जो हमें सच्चाई न्याय और सद्गुणों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है।



**चरखी दादरी।** दशहरा उत्सव मनाते विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

#### नकारात्मक आदतों का त्याग करें

*यह पर्व हमें एकता, साहस और सकारात्मक कार्यों के लिए प्रोत्साहित करता है तथा नकारात्मक आदतों और गुणों पर विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हम सभी इस उत्सव को खुशी और उत्साह के साथ मनाएंगे और इसके संदेश बुराई पर अच्छाई की विजय अपने जीवन में अपनाएं।*

## आरईडी स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा व गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

आरईडी विद्यालय में दशहरा व गांधी जयंती पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी प्रस्तुतियों में विजयदशमी व गांधी जयंती की धूम रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा ग्रहण करना तथा त्योहारों के मूल तत्वों को समझाना था। समारोह में चार्विक, कशिश ने गांधी जयंती व यशिता ने दशहरे पर सुंदर कविताएं व अवंतिका व जानवी ने भाषण की प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी से पांचवीं के छात्रों ने संपूर्ण रामायण की संक्षिप्त प्रस्तुति देकर श्रोताओं को तालियों के लिए मजबूर कर दिया। छात्रों ने रामायण के विभिन्न पात्रों के अभिनय द्वारा नैतिक मूल्य प्रस्तुत किए। दक्ष, जिज्ञांशु, दिपांशी, युवराज आदि विद्यार्थी मुख्य भूमिका में रहे। इसके साथ ही कक्षा नर्सरी व केजी के बच्चों ने महात्मा गांधी के जीवन को भी चरितार्थ किया। दर्शकों ने इसे खूब सराहा।



**चरखी दादरी।** भगवान श्रीराम लक्ष्मण की वेषभूषा में विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

---

### सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव संपन्न

# जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में एसआरएस लैब स्कूल बना चैंपियन

**मंच संचालन दीपमाला शर्मा और नीरज शर्मा ने किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में चल रहे दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। समापन समारोह में मुख्यतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, लोहारू खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा व मॉडल संस्कृति स्कूल प्राचार्या सविता घणघस उपस्थित रही तथा अध्यक्षता नोडल अधिकारी संजय सैनी ने की। मंच संचालन दीपमाला शर्मा, नीरज शर्मा व जितेन्द्र शास्त्री ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण प्रवक्ता राकेश वधवा व सुरेश ने किया।





**भिवानी।** जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव की विजेता टीम को पुरस्कृत करती डीईओ डॉ. निर्मल दहिया, डीईईओ सुभाष भारद्वाज व अन्य। *फाटो: हरिभूमि*

#### रागनी में गोलपुरा हाई स्कूल प्रथम

रागनी प्रतियोगिता में राजकीय हाई स्कूल गोलपुरा ने प्रथम, राजकीय स्कूल बीरण ने द्वितीय, मॉडल संस्कृति स्कूल तोशाम ने तृतीय तथा राजकीय कन्या स्कूल बवानीखेड़ा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। नाटिका में राजकीय कन्या स्कूल बापोड़ा ने प्रथम, राजकीय कन्या हाई स्कूल हेतमपुरा ने द्वितीय, एसआरएस लैब स्कूल लोहानी ने तृतीय तथा राजकीय कन्या स्कूल बवानीखेड़ा ने सांत्वना पुरस्कार जीता। वहीं ओवरऑल ट्राफी भिवानी ब्लॉक ने जीती। सभी विजेताओं को मुख्यतिथि डॉ. निर्मल व अन्य अतिथियों ने नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद:** सांस्कृतिक उत्सव के सफल आयोजन में डॉ. मीनाक्षी, शीतल, डॉ. अनिल पिंकी, प्राचार्य पवन शास्त्री, कमल शर्मा, जयबीर नाफरिया, मोतीलाल जांगड़ा, प्राचार्य सुरेश चौहान, प्रवक्ता प्रवेश गौतम, डॉ. प्रोमिला सुहाग, नीरज, प्रवक्ता ऋतु परमार, प्राचार्या डॉ. अनुराधा, राकेश रोहिल्ला, राष्ट्रपति अवार्डी अशोक भारद्वाज व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी मास्टर लक्ष्मण गौड़ की विशेष भूमिका रही।

### आदर्श स्कूल में मनाई महात्मा गांधी जयंती

**चरखी दादरी।** कस्बा बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को दशहरा पर्व, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही उल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रार्थना सभा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री के जीवन से संबंधित घटनाओं पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान पर शानदार नाट्य प्रस्तुत किया।

- प्रार्थना सभा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

**गोशाला कमेटी ने 7 से 8 हजार लोगों की भीड़ की आड़ में सम्मानित होने का दिया तर्क**

# गोशाला कमेटी से छल पूर्वक प्रशंसा पत्र लेकर कोर्ट में इस्तेमाल करने के आरोप, निरस्त करने की मांग

**प्रस्ताव पारित करके शिकायतकर्ता को सौंपी नकल, प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कोर्ट में करके केस को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, कमेटी ने पत्र जारी करके प्रशंसा पत्र को निरस्त करने की गुहार लगाई**

*गोशाला प्रांगण में 28 फरवरी 2023 को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें तत्कालीन बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला मुख्य रूप से मौजूद रहे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

बाबा मुकुंददास गोशाला कमेटी ने प्रांगण में आयोजित वार्षिक समारोह में एक प्रसिद्ध कवि की भतीजी लता शर्मा पर छल पूर्वक प्रशंसा पत्र हासिल करने के आरोप लगाए हैं। इस प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कोर्ट में करके केस को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है। कमेटी ने पत्र जारी करके प्रशंसा पत्र को निरस्त करने की गुहार लगाई है, ताकि समाज में सभ्यता और पारदर्शिता का संदेश

**करीब 150 समाजसेवियों तथा प्रतिभाशाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया था**

पहुंच सके। कमेटी के प्रधान रमेश सैनी ने बताया कि गोशाला प्रांगण में 28 फरवरी 2023 को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें तत्कालीन बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला मुख्य रूप से मौजूद रहे थे। कार्यक्रम में सात से आठ हजार गोभक्तों की उपस्थिति थी। जिनमें करीब 150 समाजसेवियों तथा प्रतिभाशाली महिलाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इस दौरान लता शर्मा ने अन्य प्रतिभाशाली महिलाओं में शामिल होकर प्रशंसा पत्र हासिल कर लिया। कमेटी ने प्रस्ताव में उल्लेख किया कि लता शर्मा का गोशाला के विकास में कोई योगदान नहीं और वह न ही कभी गोशाला में आती है। वार्षिकोत्सव में प्रशंसा पत्र लेने के बाद उन्होंने लंबित केस में राहत लेने के मकसद से कोर्ट में इस्तेमाल किया है। अदालत में तर्क दिया कि पैतृक गांव नांगल चौधरी में आई हुई थी, तो गोशाला कमेटी ने बतौर विशिष्ट अतिथि वार्षिकोत्सव में आमंत्रित किया गया था। जिसमें उपस्थित जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया था। कमेटी ने आरोप लगाया है कि निजी स्वार्थों को पूरा करने के मकसद से छल पूर्वक प्रशंसा पत्र हासिल किया गया था। मामले की भनक लगने पर कमेटी ने लता शर्मा के प्रशंसा पत्र को कैंसिल करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है।

**प्रशंसा पत्र मांगा नहीं, कमेटी ने नाम लेकर मंच पर बुलाया था**

आरोपित महिला लता शर्मा ने बताया कि पैतृक गांव नांगल चौधरी गई हुई थी, उस दौरान कमेटी के सचिव ने निमंत्रण था। इसके बाद समारोह में पहुंची और जनता के बीच खड़ी थी। इसके बाद कमेटी ने नाम लेकर मंच पर बुलाया और मंत्री से सम्मानित कराया गया था। प्रशंसा पत्र के लिए कोई रिश्वत नहीं दी और ना ही सिफारिश लगाई। मेरे पास बुलावे का कार्ड भी है और दान राशि की रसीद भी है।

## सरकार करें लाडो योजना में संशोधनः सोनिया



**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी की महिला शाखा की जिला प्रधान सोनिया धनखड़ ने भाजपा सरकार की ओर से हाल ही में लागू की गई दीनदयाल लाडो योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव के दौरान वादा किया था कि हरियाणा की प्रत्येक महिला को 2100 प्रति माह दिया जाएगा, लेकिन अब आय व निवास की शर्तों से गरीब महिलाएं भी योजना से वंचित रह जाएगी। सोनिया धनखड़ ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि पति पत्नी मजदूरी करके प्रतिदिन 1000 कमाते हैं, तो सालाना 3.36 लाख आय हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्भेहड़ा में लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जयंती मनाई गई। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव मुख्यातिथि व प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने दोनों महान विभूतियों के चरणों में पुष्प अर्पित किए तथा उनका माल्यार्पण किया। मुख्यातिथि ने बताया कि आज पूरा राष्ट्र अपने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करके सच्ची श्रद्धांजलि दे रहा है।



### राजवंशी स्कूल दौचाना में पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** राजवंशी स्कूल दौचाना में छात्र छात्राओं के शैक्षणिक स्तर के प्रगति की जानकारी के लिए अभिभावक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान विद्यालय में पहुंचे अभिभावकों ने अपने बच्चों के शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। सम्मेलन मे पहुंचे अभिभावकों ने नौनिहालों के शैक्षणिक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों के साथ उनकी प्रतिभा और बुलंदी प्रदान करने पर मंथन किया। राजवंशी स्कूल प्रबंध तंत्र ने ऑडियो विसुअल तकनीक के माध्यम से संस्थान के नौनिहालों के शैक्षणिक करियर को नई उड़ान दी है।

### आरआरएस के स्थापना दिवस पर पूर्व शिक्षामंत्री को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ कार्यकर्ताओं ने पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा को सम्मानित किया। पूर्व शिक्षामंत्री वर्ष 1970 में चार वर्षों तक झज्जर जिले में प्रचारक रहे हैं। संघ कार्यकर्ता रामजीवन मित्तल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में हुई थी तथा यह संगठन अब अपने 101वें वर्ष में प्रवेश कर गया है।

### गांधी व शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम

**नारनौल।** सरकार की ओर से मनाए जा रहे सेवा पर्व के तहत वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती दिवस उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विनोद कुमार खनगवाल ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने कहा कि संस्थान में प्रतिवर्ष दो अक्टूबर को गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती दिवस विशेष उत्सव की तरह मनाया जाता है।

**मार्केट कमेटी ने जारी किया टेंडर, ठेकेदार को हर माह होगा 60 हजार का भुगतान**

# सब्जी मंडी में अब रोजाना होगी सफाई, लोगों को मिलेगी राहत

**सब्जी मंडी में लगा रहता है गंदगी का अंबार, सब्जी व्यापारियों तथा ग्राहकों को उठानी पड़ती थी परेशानी**



महेंद्रगढ़। सब्जी मंडी से कूड़ा उठाते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

वर्षों से गंदगी की मार झेल रही सब्जी मंडी में अब रोजाना सफाई होगी। मार्केट कमेटी ने आखिरकार टेंडर जारी कर ठेकेदार को सफाई का जिम्मा सौंप दिया है। ठेकेदार की ओर से सब्जी मंडी में साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। जल्द ही शहर की सब्जी मंडी साफ सुथरी नजर आएगी। बता दें कि वर्तमान में शहर की सब्जी मंडी की स्थिति बेहद खराब है। जगह-जगह सड़े हुए सब्जियों के ढेर, कचरे की गंदगी तथा पॉलिथीन बिखरी हुई दिखाई देती है। बरसात के दिनों में तो हालात ओर भी बिगड़ जाते है। जलभराव से होने वाली गंदगी से सब्जी मंडी में आने वाले ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ रहीं है, वहीं ग्राहको बदबू व मच्छरों के बीच सब्जी खरीदनी पड़ती है। सब्जी व्यापारियों का गंदगी से आने वाली बदबू से मंडी में बैठना मुश्किल हो जाता था। व्यापारियों को सफाई न होने के कारण मंडी में बीमारियां फैलने का खतरा डर बना रहता था। स्थानीय व्यापारियों तथा ग्राहकों की ओर से लगातार सब्जी मंडी की सफाई कराने की मांग की जा रही थी। लेकिन मार्केट कमेटी बार-बार आश्वासन नहीं दिया जाता है। अब आखिरकार मार्केट कमेटी की ओर से अब सब्जी मंडी के हालात सुधारने का निर्णय लेते हुए प्रतिदिन मंडी में सफाई कराने का निर्णय लिया है।

**छह सफाई कर्मचारी और एक ट्रैक्टर भी लगाया गया**

मार्केट कमेटी की ओर से छोड़े गए टेंडर के बाद ठेकेदार ने सफाई कार्य शुरू कर दिया है। इसके लिए ठेकेदार की ओर से सब्जी मंडी में सफाई के छह सफाई कर्मचारी लगाए गए है। वहीं सब्जी मंडी कूडा उठान के लिए एक ट्रैक्टर भी लगा दिया है। सुबह से ही कर्मचारी कचरा इकट्ठा कर ट्रैक्टर से बाहर ले जाने में जुटे रहते हैं। मार्केट कमेटी ने तय किया है कि ठेकेदार को इस काम के लिए हर माह 60 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा।

**साफ-सफाई में ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्त**

मार्केट कमेटी के सचिव जितेंद्र कुमार का कहना है कि सब्जी मंडी में साफ सफाई के लिए टेंडर जारी कर दिया गया। ठेकेदार की ओर से सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। यदि सफाई में ढिलाई बरती गई तो ठेकेदार पर कार्रवाई होगी। लंबे समय से मंडी में गंदगी का अंबार लगा हुआ था। बदबू व कचरे से यहां खरीददार व विक्रेता दोनों परेशान थे। अब रोजाना सफाई होने से मंडी का माहौल सुधरेगा।

## राष्ट्रपिता व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



**महेंद्रगढ़।** जीनियस एकेडमी के प्रांगण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरूषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। इस उपलक्ष्य पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, ज्योति ने द्वितीय व मनीषा व मोनिका तृतीय तथा छात्र वर्ग में रोहित, सजय व रूपेश प्रथम, अंकित ने द्वितीय व राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को इनाम देकर सम्मानित किया गया। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव ने कहा कि दोनों महापुरूषों का भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## बीएनडी स्कूल पीटीएम आयोजित



**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और समस्याओं के बारे में कक्षाध्यापक से वार्तालाप की। शिक्षक अभिभावक बैठक के दौरान विद्यालय के प्राचार्य हनुमंत शर्मा ने अभिभावकों से संवाद स्थापित किया तथा बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन एवं उज्ज्वल भविष्य को लेकर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय के चेयरमैन विजयपाल यादव ने कहा कि विद्यालय व अभिभावक मिलकर बच्चों की प्रगति को और अधिक गति प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग और सहभागिता की सराहना की।

## इंडस वैली स्कूल में पीटीएम आयोजित



**महेंद्रगढ़।** इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संबंध में अध्यापकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। अध्यापकों ने बच्चों की कमियों व विशेष योग्यताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सुधारने तथा बेहतर बनाने के उपाय बताए। संस्था के चेयरमैन धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी आवश्यक हैं, क्योंकि यहीं बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। अभिभावकों ने कहा कि इस प्रकार की बैठक बच्चों की प्रगति व व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि घर और विद्यालय का सामूहिक सहयोग ही बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगा।

## बीआर ज्ञानदीप में अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन



**महेंद्रगढ़।** गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्राचार्य रामबीर यादव व चेयरमैन रूपराम यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस सम्मेलन विभिन्न शैक्षणिक व सह-शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, परीक्षा परिणामों का विश्लेषण, तथा भविष्य में सुधार हेतु योजना पर जोर दिया गया। अध्यापकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों की शिक्षणशैली, कक्षा में उनकी सक्रियता, किसी प्रकार की कठिनाइयों की जानकारी दी, जिससे बच्चों के विकास में अभिभावकों का सहयोग लिया जा सके। प्राचार्य ने विद्यालय के आगामी कार्यक्रमों व शिक्षण योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।

## पीटीएम में बताई विद्यार्थियों की रिपोर्ट



**नारनौल।** एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में पीटीएम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों व उनके अभिभावकों ने विशेष तौर पर शिरकत की। बच्चों की अर्धवार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों को दी। जिसमें बच्चों की ओर से स्कूल में की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। बच्चों की नियमित उपस्थिति व सीखने की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान बच्चों के अभिभावकों को टीचर ने असाइनमेंट के नतीजे दिखाते हुए बच्चों की कमजोरियों व उनकी प्रतिभा पर टीचर्स व पैरेंट्स ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर स्कूल प्राधानाचार्या अनिता यादव ने दशहरा त्योहार की बधाई देते हुए कहा कि पैरेंट्स टीचर बैठक का उद्देश्य सिर्फ बच्चों की कमजोरियां निकालना ही नहीं, बल्कि पैरेंट्स के साथ टीचर एक सकारात्मक चर्चा करना है।

## हैप्पी स्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती व दशहरा कार्यक्रम आयोजित



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** शहर के डुलाना रोड महेंद्रगढ़ स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती व दशहरे पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संचालक सुभाषचंद्र अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल तथा प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच संचालन का दायित्व विद्यार्थियों सूर्यदेव व लहर ने किया। अंग्रेजी अध्यापक पंकज शर्मा व हिंदी अध्यापक मनोज गोस्वामी ने गांधी जी और शास्त्री जी के विचारों पर प्रेरणादायक भाषण दिए। संगीत अध्यापक अजय कुमार के निर्देशन में छात्राओं ने मनमोहक समूह गान प्रस्तुत किया। विद्यालय के संचालक, प्रबंध निदेशक, उपसंचालिका व मैनेजर ने कहा कि दशहरा पर्व अच्छाई की विजय व बुराई के अंत का प्रतीक है। प्राचार्य ने इस आयोजन को त्रिवेणी संगम की संज्ञा देते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा व शिक्षकों की रचनात्मकता की सराहना की।

## आरपीएस विद्यालय में कॉमर्स क्विज में छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

- छात्रों के ज्ञान व कौशल को परखने के लिए कुल 7 चुनौतीपूर्ण चरणों में विभाजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय के प्रांगण में सीनियर विंग के विद्यार्थियों के लिए कॉमर्स क्विज का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कॉमर्स हेड शिव कौशिक, विजेता कौशिक, मुकेश यादव, विवेक, अनूप यादव सहित विभाग के अन्य सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें वाणिज्य के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। आरपीएस ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि यह आयोजन आरपीएस विद्यालय की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और छात्रों के सर्वांगीण विकास पर जोर देने को दर्शाता है। ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को न केवल किताबी ज्ञान से परे सोचने का अवसर देती हैं, बल्कि उनमें त्वरित निर्णय लेने व टीम भावना का भी विकास करती हैं। विंग हेड देवेंद्र पूनिया ने बताया कि छात्रों के ज्ञान व कौशल को परखने के लिए कुल 7 चुनौतीपूर्ण चरणों में विभाजित किया गया। प्रत्येक चरण को वाणिज्य के एक विशेष पहलू पर केंद्रित किया।

## श्रीकृष्णा स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिले



**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि जिसमें कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक भाग लिया, जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमेन डा. बीरसिंह यादव व सीईओ कर्मवीर राव मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य रवि प्रकाश ने की। सत्र 2025-26 के सितंबर माह तक आयोजित टेस्ट व प्रथम टर्म के परीक्षा परिणामों सहित अन्य गतिविधियों से अवगत करवाया गया। चेयरमेन डा. बीरसिंह यादव ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति आत्मनिर्भर बनता है। वह अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**ट्रेनों के ठहराव नहीं होने से आमजन को दिक्कत उठानी पड़ रही**

# सतनाली स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सतनाली हरियाणा व राजस्थान के 80 सैनिक बाहुल्य गांवों का स्टेशन**



सतनाली मंडी। ट्रेनों के ठहराव की मांग का ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी

सतनाली स्टेशन पर बीकानेर इंटरसिटी, दिल्ली जयपुर सैनिक एक्सप्रेस व दिल्ली सीकर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर सतनाली रेल सेवा समिति सदस्य व क्षेत्रवासियों ने डीआरएम बीकानेर के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। सतनाली रेल सेवा समिति प्रधान दीवान सिंह शेखावत व पूर्व जिला उपप्रमुख एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत के संयुक्त नेतृत्व में स्टेशन मास्टर सुमित कुमार को मंडल रेल प्रबंधक बीकोनर के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि उपतहसील मुख्यालय सतनाली हरियाणा व राजस्थान के 80 सैनिक बाहुल्य गांवों का मुख्य रेलवे स्टेशन है। यहां से प्रतिदिन भारी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं। स्टेशन पर अनेक एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं दिया गया है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में 22471/72 दिल्ली बीकानेर इंटरसिटी का ठहराव की मांग करते हुए बताया कि यह काफी पुरानी मांग है। व्यापक यात्रीहित में बीकानेर मंडल की ओर से सतनाली ठहराव को वाणिज्यीक रूप से औचित्यपूर्ण ठहराया जा चुका है। इस गाड़ी के ठहराव के लिए लंबे समय से मांग है और सांसद की ओर से अनेक पत्र लिखे जा चुके हैं फिर भी ठहराव नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि कोरोना काल के बाद 19701/02 दिल्ली सराय रोहिल्ला जयपुर सैनिक एक्सप्रेस का उल्लेखनीय यात्रीभार होने के बावजूद महज सतनाली से ठहराव वापस ले लिया गया है।

जबकि अनेक स्टेशन जिनका यात्रीभार सतनाली से कम है, जिन पर इस ट्रेन का ठहराव यथावत है। सतनाली सहित आसपास के गांवों के यात्रियों व सैनिकों के लिए रात को जयपुर एवं खाटू श्याम जाने वाले यात्रियों के लिए यही एकमात्र ट्रेन थी। स्टेशन पर सीकर की ओर चलने वाली एक भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नहीं है।

**रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी**

इसके अलावा 14713/14 दिल्ली सराय सीकर एक्सप्रेस का ठहराव की मांग करते हुए बताया कि इस ट्रेन का सतनाली से निम्न यात्रीभार वाले स्टेशनों पर ठहराव है, जबकि सतनाली स्टेशन पर व्यापक यात्रीभार के बावजूद ठहराव नहीं है। इस ट्रेन के ठहराव से सतनाली क्षेत्र के यात्रियों को सीकर व दिल्ली आने जाने के लिए सुविधा मिलेगी और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। ज्ञापन में व्यापक यात्रीहित में मांगों पर संज्ञान लेकर अतिशीघ्र इन ट्रेनों का ठहराव करवाने की मांग की, ताकि क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर रेल यातायात का लाभ मिले और रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हो।